विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन

राष्ट्रीय सेवा योजना

(0734) 2514272, मोबा. समन्वयक 9827501615, email nss.vuujjain@gmail.com

सीमित निविदा पत्र

क्रमांक/रासेयो/2021/545-547 उज्जैन दिनांक 16-12-2021

विषयः– रासेयो स्वयंसेवकों के लिये स्वयंसेवक डायरी क्रय किये जाने हेतु सीमित निविदा आमंत्रण के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि रासेयो स्वयंसेवकों के लिये 22600 स्वयंसेवक डायरी संलग्नानुसार क्रय किये जाना है। स्वयंसेवक डायरी क्रय किये जाने हेतु सीमित निविदा आमंत्रित है। आपकी फर्म से नियत समय में प्राप्त सीमित निविदा टेंडर समिति/क्रय समिति के समक्ष रखे जावेंगे एवं जिस फर्म की डायरी की दर सबसे न्यूनतम होगी उसी फर्म से निम्न शर्तों के आधार पर 22600 स्वयंसेवक डायरी क्रय की जावेगी :–

1. स्वयंसेवक डायरी 64 पेज की होनी चाहिए।
2. डायरी का साइज 4 x 5.25 इंच का होना चाहिए।
3. डायरी में अंदर सफेद कागज का वजन 54 ग्राम का होना चाहिए।
4. स्वयंसेवक की डायरी का कवर आर्ट पेपर पर मल्टीकलर में प्रिंट होना चाहिए।
5. डायरी के कवर पर विश्वविद्यालय का नाम व मोनोग्राम होना चाहिए।
6. सामग्री प्राप्त होने के पश्चात् ही रेखांकित चैक/ई–पैमेंट के द्वारा भुगतान किया जायेगा।
7. भुगतान के समय नियमानुसार आयकर एवं जी.एस.टी. कटौती की जायेगी।
8. ट्रांसपोर्ट का चार्ज आपकी फर्म द्वारा ही वहन किया जाएगा।
9. सामग्री रासेयो प्रकोष्ठ विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन तक पहुँचाने की जवाबदारी आपकी होगी।
10. डायरी के आकार–प्रकार एवं गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
11. सामग्री प्राप्त होने के पश्चात् गुणवत्ता अच्छी क्वालिटी की नहीं पाई गई, तो सामग्री वापस की जा सकती है एवं किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जावेगा।
12. निविदा निरस्त करने का अधिकार कुलसचिव विक्रम विश्वविद्यालय का होगा।
13. किसी भी परिस्थिति में न्यायालय का क्षेत्र उज्जैन होगा।

निविदा एक लिफाफे में प्रस्तुत करें। उसके अंदर दो लिफाफे , जिसमें एक लिफाफा (अ) के ऊपर <u>टेक्नीकल बिड लिफाफा</u> लिखें तथा टेक्नीकल बिड संबंधी सभी प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति उसी लिफाफा में रखकर मुहर बंद करें। टेक्नीकल बिड के लिफाफे में जो भी प्रमाण पत्र रखे जाने हैं, की जानकारी के लिये प्रपत्र संलग्न है। इसी प्रकार दूसरा लिफाफा (ब) के ऊपर <u>फाइनेंशियल बिड लिफाफा</u> लिखे, जिसमें रखे जाने वाला प्रपत्र संलग्न है। ब लिफाफे में प्रपत्र भरकर रखे जाने के पश्चात् लिफाफे को मुहर बंद कर दोनों लिफाफे अ एवं ब एक पृथक बड़े लिफाफे में रखें।

उपरोक्त शर्तों के आधार पर विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन स्वयंसेवक डायरी सीमित निविदा दिनांक 05–01–2022 को सायं 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट डाक द्वारा आमंत्रित करता है। अ तथा ब लिफाफा को मुहर बंद कर दोनो लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखकर उस बड़े लिफाफे के ऊपर "स्वयंसेवक डायरी हेतु सीमित निविदा" लिखकर स्पीड पोस्ट से निम्न पते पर भेजें:–

कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन (म.प्र.) पिनकोड 456010.

(डॉ. प्रशान्त पुराणिक)
कुलसचिव एवं कार्यक्रम समन्वयक
विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन

प्रतिलिपि:–

1. माननीय कुलपतिजी विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के निज सचिव की ओर सूचनार्थ।
2. कुलसचिवजी विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के निज सचिव की ओर सूचनार्थ।
3. कुलसचिव विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की ओर इस निवेदन के साथ कि उक्त सीमित निविदा पत्र विश्वविद्यालय वेब साइट पर अपलोड करने हेतु प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन को आदेशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव एवं कार्यक्रम समन्वयक

विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन
राष्ट्रीय सेवा योजना

रासेयो स्वयंसेवक डायरी क्रय की सीमित निविदा वर्ष 2021
(टेक्नीकल बिड लिफाफा–अ में रखा जाएगा)

1 फर्म का नाम :...

2 प्रोप्राइटर का नाम :...

3 फर्म का पता :...

4 **GST** का प्रमाण पत्र की सत्यापितः...
छायाप्रति संलग्न करें

5 फर्म का आयकर विभाग द्वारा जारी :...
PAN नं. अंकित करें । (कृपया प्रमाण
की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

6 वित्तीय वर्ष अवधि 2019–20/ :...
Assessment Year 2020–21 के
इन्कम टैक्स रिटर्न की प्रति संलग्न करें।

7 फर्म के प्रतिनिधि का नाम एवं :...
टेलीफोन/मोबाईल नं./फैक्स नं./:...
ई मेल नम्बर जिनसे कार्य के संबंधः...
में सम्पर्क किया जा सकता है। :...

मैं राष्ट्रीय सेवा योजना विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की रासेयो स्वयंसेवक डायरी के लिये सीमित निविदा की शर्तों के अनुसार कार्य करने हेतु सहमति देता हूँ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम.......................................
सील.......................................

नोटः– संलग्न किये गये प्रमाण पत्रों पर सत्यापन स्वरूप निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील अनिवार्यतः अंकित किया जाए।

विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन
राष्ट्रीय सेवा योजना

रासेयो स्वयंसेवक डायरी क्रय की सीमित निविदा वर्ष 2021
(फाइनेंशियल बिड लिफाफा–ब में रखा जाएगा

1. स्वयंसेवक डायरी विश्वविद्यालय के नाम सहित प्रति डायरी की दर समस्त टैक्स सहित अंकों में रूपये ....
शब्दों में..

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम....................................
सील....................................